# 28 राजस्थानी शब्दावली

1. बिजाई से पूर्व खेत में खड़ी झाड़ियाँ हटाना कहलाता है?
(1) निनाण करना (2) लावणी
(3) सूड़ करना (4) रेलणी

2. 'सीरावण' से तात्पर्य है?
(1) ग्रामीण क्षेत्रों में कृषकों का सुबह का भोजन
(2) ग्रामीण क्षेत्रों में कृषकों द्वारा प्रयुक्त हल
(3) ग्रामीण क्षेत्रों में बनाया जाने वाला खाद्य पदार्थ
(4) ग्रामीण क्षेत्रों में कृषकों का मध्यरात्रि का भोजन

3. खड़ी फसल के मध्य उगे अनावश्यक घास व खरपतवार को हटाना कहलाता है?
(1) निनाण (2) लावणी
(3) सूड़ (4) पाती मांगना

4. अनाज निकालने के लिए खेत के मध्य तैयार व साफ की गई पक्की भूमी कहलाती है?
(1) काकड़ा (2) खळो
(3) सूड़ (4) निनाण

5. रबी की फसल कहलाती है?
(1) उनालू (2) स्यालू
(3) 1 व 2 दोनों (4) इनमें से कोई नहीं

6. निम्न में से मिट्टी को बिजाई के लिए तैयार करने के बाद उसकी नमी रोकने के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला लकड़ी का सुहागा कहलाता है?
(1) चाहड़ या पाटा (2) चड़स या हींसू
(3) बोरा (4) पराणी या रांपी

7. पान का खेत कहलाता है?
(1) बण (2) काकड़ा (3) डीडू (4) बजेड़ा

8. बाजरे की फसल का सिट्टे के नीचे का हिस्सा जो पशुचारा में काम आता है?
(1) डीडू (2) पूळा
(3) कड़बी (4) काकड़ा

9. स्यालू से तात्पर्य है?
(1) खरीफ की फसल (2) रबी की फसल
(3) ठंड से खराब फसल (4) फसल का रोग

10. टांऊ या बिजूका का उपयोग खेतों में किस लिए किया जाता है?
(1) घर की सुरक्षा के लिए (2) पशुओं की देखभाल के लिए
(3) फसल की सुरक्षा के लिए (4) सिंचाई यंत्र

11. सिंचाई के लिए कुएँ से पानी निकालने का उपक्रम जिस पर चक्कर लगे होते हैं?
(1) मसक (2) रहंट या ओठ
(3) गोफण (4) गुलेल

12. भोजन पकाने के लिए लकड़िया, जो विनायक स्थापना के पश्चात् लाई जाती है, कहलाती है?
(1) मुगधणा (2) पूळा
(3) गठरी (4) सुराही

13. कृषि कार्यों के लिए कृषकों को राज्य द्वारा दी जाने वाली अग्रिम धनराशि कहलाती है?
(1) तकावी (2) ऋण
(3) ब्याज (4) उधार

14. बैलों से चलने वाला लकड़ी का यंत्र जिससे तिल, सरसों व राई आदि का तेल निकाला जाता है?
(1) नेतरा (2) रई
(3) सींखळा (4) घाणी

15. दही बिलौते समय झेरनी को थामे रखने के लिए धातु के बने अर्द्धवृत्ताकार कड़े को कहते हैं?
(1) नेतरा (2) रई
(3) सींखळा (4) घाणी

16. संकरी लम्बी गर्दन वाला मिट्टी का बना बर्तन जो पानी को ठंडा रखने के काम आता है, कहलाता है?
(1) सुराही (2) गैंती
(3) चकला (4) घाणी

17. पशुओं को खाने पीने से रोकने के लिए मुँह पर लगाया जाने वाला अवरोध क्या कहलाता है?
(1) मींढे (2) खेड़ाऊ
(3) सींखळा (4) छींकी

18. ऊँटनी का नवजात बच्चा कहलाता है?
(1) लरड़ी (2) टोड्या
(3) छाळी (4) मींढ़े

19. भेड़ बकरियों का झुण्ड कहलाता है?
(1) रेवड़ (2) खेड़ाऊ
(3) आखा (4) चिलड़ा

20. खींप को सुखाकर बनाया जाने वाला झाडू कहलाता है?
(1) भूंगरो या भारो (2) रोड़ी या कुरड़ी
(3) घेघरी (4) चरणोट

21. नर भेड़ क्या कहलाती है?
(1) छाळी (2) लरड़ी
(3) रेवड़ (4) मींढ़े

22. लाख की चूड़िया बनाने वाला व्यक्ति कहलाता है?
(1) चेजारा (2) भिस्ती
(3) लखारा (4) इनमें से कोई नहीं

23. ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि का खाना कहलाता है?
(1) ब्यालू (2) कलेवा
(3) सिरावण (4) भात

24. पशुओं को चराने के लिए छोड़ी गई चारागाह भूमि कहलाती है?
(1) छानी (2) छाळी
(3) चरणोट या बीड़ (4) भूंगरो

25. निम्न में से असत्य कथन है–
(1) चने के झाड़ पर लगने वाला फल–घेघरी
(2) खींप के पौधे पर लगने वाला फल–खिंपोली
(3) खेजड़ी के पेड़ पर लगने वाला फल–सांगरी
(4) उपर्युक्त सभी सत्य है।

26. इनमें से असत्य कथन है–
(1) छोटे बच्चों पर किसी बुरी आत्मा का असर होना– फेटूड़ा
(2) शिशु की लंगोटी– पोतड़ो
(3) दुल्हा–दुल्हन की जूतियाँ– बिनोटा
(4) उपरोक्त सभी सत्य है।

27. राजस्थानी भाषा में 'एक मण' कितने किलो का होता हैं?
(1) 50 किलो (2) 5 किलो
(3) 10 किलो (4) 40 किलो

28. चूल्हे के सामने बनाया गया राख के लिए चौकोर स्थान कहलाता हैं?
(1) थली (2) ओबरी
(3) बेवणी (4) धमेड़ो

29. हाथ से थेपकर सुखाया गया गोबर क्या कहलाता है?
(1) थपेड़ी (2) छाणा
(3) भुंगरो (4) कुरड़ी

30. घोड़े की पीठ पर डाला जाने वाला वस्त्र क्या कहलाता है?
(1) गज गाव (2) टुमची
(3) जीणपोश (4) बेलचा

31. आवारा पशुओं को खेत में प्रवेश से रोकने के लिए कांटेदार झाड़ियों से बनाया गया अवरोध क्या कहलाता है?
(1) बाड़ (2) खाई
(3) बिजूका (4) मचान

32. पशुओं का दूध निकालते समय पिछले पैरों को बाँधने के लिए काम में ली जाने वाली रस्सी कहलाती है?
(1) छींकी (2) दांवणो
(3) मोरखो (4) न्याणों

33. महिलाओं के लिए काँच की चूड़ियाँ व अन्य श्रृंगार का सामान बेचने वाली महिलाओं को क्या कहा जाता है?
(1) लखारा (2) गिवारणी
(3) सिंझारी (4) भिस्ती

34. खेजड़ी के पेड़ पर लगने वाले हरे फल सांगरी को पकने के बाद क्या कहा जाता है?
(1) खोखा/खोका (2) खिंपोली
(3) कैर (4) मिरड़ो

35. बेसन में नमक–मिर्च डालकर रोटीनुमा बनाया जाने वाला व्यंजन कहलाता है?
(1) घूघरी (2) चिलड़ा
(3) भात (4) खाटा

36. ऊँट के नाक में पहनाई जाने वाली लकड़ी की कील कहलाती है?
(1) गिरबाण (2) नकेल
(3) तंग (4) जेरबंध

37. पशुओं को बाँधने के लिए जमीन में गाडी जाने वाली लकड़ी को क्या कहा जाता है?
(1) समेल (2) मेख
(3) खुँटा (4) जूड़ा

38. कुछ समय के लिए बिना बुवाई छोड़ी गई भूमि क्या कहलाती है?
(1) रखत (2) कांकड़
(3) हड़ावों (4) बीड़

39. तराजू के पलड़ो को..........कहा जाता है।
(1) चेला (2) नेजा
(3) बग्गी (4) गोपना

40. ग्रामीण क्षेत्र में जब कोई व्यक्ति बीमार हो जाता है, तब उसके सूत या मौली का धागा बांधा जाता है। यह देवता की जौत के ऊपर घुमाकर बांधा जाता है, ये धागा क्या कहलाता है?
(1) मूंदड़ी (2) तांती
(3) कंदोरी (4) टेवटो

Dhindhwal Publication Read, Read and Achieve